प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

9 सितंबर 2022

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड (एसजीबी) योजना के अंतर्गत समय-पूर्व मोचन – 17 सितंबर 2022 को देय समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य (एसजीबी 2016-17 शृंखला IV)

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड (एसजीबी) योजना पर भारत सरकार की दिनांक 23 फरबरी 2017 की अधिसूचना एफ.सं.4(16)-डब्ल्यूएंडएम/2016 (एसजीबी 2016-17 शृंखला IV - जारी करने की तारीख 17 मार्च 2017) के अनुसार, स्वर्ण बॉण्ड के जारी होने की तारीख, जिस तारीख से ब्याज देय है, से पांच वर्ष के बाद समय-पूर्व मोचन की अनुमति दी जा सकती है। तद्नुसार, उपरोक्त शृंखला के समय-पूर्व मोचन की दूसरी देय तिथि 17 सितंबर 2022 होगी।

2. इसके अलावा, एसजीबी का मोचन मूल्य, मोचन की तारीख से पहले के सप्ताह (सोमवार-शुक्रवार) के इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (आईबीजेए) द्वारा प्रकाशित 999 शुद्धता वाले सोने के बंद भाव के साधारण औसत पर आधारित होगा। तद्नुसार, 17 सितंबर 2022 को देय समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य ₹5077/- (पांच हजार सतहत्तर रुपये मात्र) प्रति एसजीबी यूनिट होगा, जो 5-9 सितंबर 2022 सप्ताह के लिए सोने के बंद भाव के साधारण औसत पर आधारित होगा।

रूपांबरा
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/857